SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 14 जून 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 256

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बेंगलुरु की आईटी कंपनी को बम से उड़ाने की धमकी

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** बेंगलुरु के इकोस्पेस बिजनेस पार्क में मंगलवार को एक आईटी कंपनी को बम की धमकी मिलने के बाद तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक सूत्र ने कहा कि दोपहर 2 बजे आईडीबीओ कंपनी को धमकी भरी कॉल प्राप्त हुई। फोन पर बात करने वाले बदमाश ने धमकी दी थी कि उसने परिसर में बम रखा दिया है और जल्दी ही फट जाएगे। बम धमकी की सूचना मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड और आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। वहीं कर्मचारियों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया। बेलंदूर पुलिस ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पुलिस ने इस संबंध में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास संयुक्त सुरक्षा अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस और सेना द्वारा दोबनार मच्छल इलाके में अभियान चलाया गया और फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षाबलों को इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता इनपुट मिला था। इसके बाद सुरक्षाबलों इलाके की घेराबंदी की, तभी वहां छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने कार्रवाई करते हुए दो आतंकियों को ढेर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, तलाशी अभियान अब भी जारी है। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि हो सकता है कि आतंकियों ने हाल ही में घुसपैठ की हो।

### बिहार में नीतीश कुमार को झटका, जीतन राम मांझी के मंत्री बेटे ने दिया इस्तीफा

**पटना (आरएनएस)।** एक तरफ केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने के लिए 23 जून को अहम बैठक होनी है वहीं बैठक से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तगड़ा झटका लग गया है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे और हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा के इकलौते मंत्री संतोष मांझी ने इस्तीफा दे दिया है। संतोष सुमन ने कहा, कोई नाराजगी नहीं हुई है। जदयू चाहती थी कि हम अपनी पार्टी को उनके साथ मर्ज कर दें, लेकिन हमें वो मंजूर नहीं था, हम अकेले संघर्ष करेंगे, हमें जदयू में विलय नहीं करना है। नीतीश कुमार लगातार हमसे विलय करने के लिए कह रहे थे, लेकिन हमने इनकार कर दिया। इस्तीफे से पहले अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री की वित्त मंत्री से लंबी बातचीत हुई। संतोष सुमन उर्फ संतोष मांझी का इस्तीफा स्वीकार हुआ है या नहीं, इस बारे में मुख्यमंत्री की ओर से अभी कोई बयान या जानकारी नहीं आई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि जीतन राम मांझी और उनके बेटे एनडीए में शामिल हो सकते हैं।

## 15 घंटे बाद बुझी सतपुड़ा भवन की आग, 4 फ्लोर पर कई दस्तावेज खाक

❒ सीएम ने बुलाई समीक्षा बैठक

**भोपाल** | आरएनएस



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित सतपुड़ा भवन में कल शाम लगी आग की घटना के बाद आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुबह समीक्षा बैठक बुलाई है। वहीं 15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर सुबह तक लगभग काबू पा लिया गया है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान ने सतपुड़ा भवन में आगजनी की घटना को लेकर सुबह समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक में मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, प्रभुराम चौधरी, विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना, अपर मुख्य सचिव गृह राजेश राजौरा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मो. सुलेमान और नीरज मंडलोई सहित अन्य सबंधित अधिकारी शामिल होंगे।

बैठक मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में आयोजित होगी। वहीं राजौरा के अनुसार सभी मंज़िलों पर आग पर क़ाबू पा लिया गया है पर छठी मंज़िल पर अभी भी धुआँ निकल रहा है। इस पर पूर्णत: क़ाबू करने में अग्निशमन कर्मचारियों को लगभग दो घंटे का समय लगना सम्भावित है। उसके बाद शासन द्वारा गठित जाँच समिति सतपुड़ा भवन स्थित वन विभाग के कॉन्फ़्रेन्स हॉल में स्थापित होकर आज एक बजे से जांच प्रारम्भ करेगी।

इसके पहले राजौरा स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे और परिस्थितियों का जायजा लिया। सतपुड़ा भवन में कल शाम लगभग चार बजे तीसरी मंजिल में आग लग गई थी। धीरे-धीरे ये आग छठीं मंजिल तक पहुंच गई। शुरुआती आंकलन के अनुसार आग एसी में शॉर्ट सर्किट से लगी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया है, लेकिन कुछ स्थानों से धुआं सुबह तक भी उठ रहा है। 4 फ्लोर पर कई दस्तावेज जलकर खाक हो चुके है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कल रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी इस बारे में सूचित किया था। आग पर काबू पाने के लिए चौहान ने रक्षा मंत्री सिंह से मदद मांगी थी, जिसके बाद सेना के हेलीकॉप्टरों ने भोपाल आ कर आग पर काबू पाने में मदद की। मुख्यमंत्री चौहान ने आग के प्रारंभिक कारणों को जानने के लिए कमेटी घोषित की है, जिसमें राजौरा, मंडलोई, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखबीर सिंह और एडीजी फायर को शामिल किया गया है।

## 70 हजार युवाओं को मिली नौकरी की सौगात, पीएम मोदी ने बांटे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 70 हजार युवाओं को नौकरी की सौगात दी है। पीएम मोदी ने आज मंगलवार को सुबह 10.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 70,000 नव नियुक्त भर्तियों को नियुक्ति पत्र दिए हैं। बता दें कि ज्वाइनिंग लेटर देश में 43 जगहों पर आयोजित रोजगार मेला के तहत बांटे गए हैं।

रोजगार मेला केंद्र सरकार की एक खास पहल है, जिसके तहत जल्द और बिना परेशानी के अप्वाइंटमेंट लेटर दिए जाते हैं। वहीं सरकार को आशा है कि रोजगार मेला आने वाले समय में रोजगार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसके साथ ही युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए मजबूत अवसर देगा।

वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने आज देश भर से चुनी गई नई भर्तियां वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, कल्याण, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय आदि विभागों के नियुक्ति पत्र का वितरण किया है।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, ये रोजगार मेला एनडीए और बीजेपी सरकार की नई पहचान बन गई हैं।पीएम ने कहा, मुझे खुशी है कि बीजेपी के शासन वाली सरकार भी लगातार इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन कर रही हैं। जो लोग इस समय सरकारी नौकरी में आ रहे हैं उनके लिए यह बहुत ही कीमती समय है। आपके सामने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है।

### तेलंगाना में हैवानियत की हदें पार

## 19 वर्षीय लड़की की आंखों में घोंपा पेचकस, ब्लेड से काटा गला; फिर शव को तालाब में फेंका

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। विकाराबाद जिले में 19 साल की एक लडक़ी का बहुत ही बेरहमी से हत्या कर दी गई। अज्ञात बदमाशों ने पहले तो लडक़ी की आंखों में पेचकस घुसा दिया और उसके बाद ब्लेड से गला काट दिया। इसके बाद शव को तालाब में फेंक कर फरार हो गए। पुलिस ने तालाब से लडक़ी का शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने लडक़ी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, मामला तेलंगाना के विकाराबाद के कादलापुर गांव का है। जानकारी के मुताबिक, मृतका 10 जून की रात 11 बजे घर से निकली थी। बाद में स्थानीय लोगों ने तालाब में लडक़ी का खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को इसके बारे में जानकारी दी।

प्रारंभिक जांच में पुलिस के सामने आया कि महिला की आंखों पर गंभीर चोट के अलावा उसका गला कटा हुआ है और हाथ पर भी चोट के निशान हैं। जानकारी के मुताबिक, 19 साल की लडक़ी अस्पताल में काम करती थी और 10 जून यानी शनिवार की देर रात वो घर से बिना बताए निकली थी। जब उसके पिता ने लडक़ी को ढूंढना शुरू किया तो वो नहीं मिली। जिसके बाद स्थानीय लोगों को कादलापुर गांव के तालाब में लडक़ी का शव मिला और उन्होंने पुलिस को इसके बारे में सूचना दी। स्थानीय लोगों से शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लडक़ी के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने फिलहाल हत्या के कारणों को लेकर कुछ नहीं कहा है।

## लिव-इन रिलेशनशिप को कानून नहीं मानता शादी, तलाक की मांग पर केरल हाईकोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केरल हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर अपनी टिप्पणी में कहा कि इसे शादी के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है। केरल हाईकोर्ट ने कहा कि कानून लिव-इन रिलेशनशिप को शादी के रूप में मान्यता नहीं देता है। अदालत ने कहा कि जब दो व्यक्ति केवल एक समझौते के आधार पर एक साथ रहने का फैसला करते हैं तो वे किसी विवाह अधिनियम के दायरे में आते हैं। लिव-इन रिलेशनशिप का मतलब शादी होना नहीं होता है न ही इसमें तलाक की मांग की जा सकती हैं।

कानून नहीं मानता लिव-इन रिलेशनशिप को शादी

जस्टिस ए मोहम्मद मुस्ताक और सोफी थॉमस की खंडपीठ ने लिव-इन रिलेशनशिप के बारे में यह टिप्पणी तब कि जब लिव-इन में रहने वाले याचिकार्ता कपल ने तलाक की अर्जी लगाई। न्यायाधीशों ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप अभी तक कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त नहीं हैं। अदालत ने कहा कि विवाह एक सामाजिक संस्था है जिसे कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है और यह समाज में सामाजिक और नैतिक आदर्शों को दर्शाता है। हाई कोर्ट ने कहा कि तलाक कानूनी शादी को अलग करने का एक जरिया मात्र है। लिव-इन रिलेशनशिप इस तरह की मान्यता नहीं दी जा सकती है।

हाई कोर्ट की बेंच ने लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले अलग-अलग धर्मों के जोड़े की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है। याचिकाकर्ताओं में एक हिंदू और एक अन्य ईसाई हैं, जिन्होंने साल 2006 में एक पंजीकृत माध्यम से एक पति और पत्नी के रूप में एक साथ रहने का फैसला किया। रिश्ते के दौरान दंपति का एक बच्चा भी था। लेकिन अब यह जोड़ा अपने रिश्ते को खत्म करना चाहता है। इस प्रक्रिया के तहत जोड़े ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत आपसी तलाक के लिए एक संयुक्त याचिका के साथ फैमिली कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन अदालत ने उन्हें इस आधार पर तलाक देने से इनकार कर दिया कि उक्त अधिनियम के तहत उनकी शादी नहीं हुई थी। नतीजतन, याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय का रुख किया।

**याचिकाकर्ताओं के वकील का दावा-** याचिकाकर्ताओं के वकील ने तर्क दिया था कि जब दोनों पक्षों ने घोषणा के माध्यम से अपने रिश्ते को विवाह के रूप में स्वीकार कर लिया था, तो अदालत यह तय नहीं कर सकती कि वे कानूनी रूप से विवाहित हैं या नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि जब दो पक्ष केवल एक समझौते के माध्यम से एक साथ रहने का फैसला करते हैं, न कि किसी व्यक्तिगत कानून या विशेष विवाह अधिनियम के अनुसार, तो वे इसे विवाह होने का दावा नहीं कर सकते और न ही इस सिलसिले में तलाक ही ले सकते हैं।

## भीषण हादसा : ऑयल टैंकर में लगी आग, चार की मौत, तीन घायल



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां एक ऑयल टैंकर दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। यह दुर्घटना कितनी भीषण थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हादसे के बाद हाईवे में ही आग लग गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हुई है, वहीं तीन लोग घायल हैं। हाईवे के एक साइड पर ट्रैफिक को रोक दिया गया है और सिर्फ एक ही तरफ से वाहनों को निकाला जा रहा है।

एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना लोनावाला और खंडाला के बीच घटी। टैंकर में कोई रासायनिक पदार्थ भरा था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के बाद टैंकर में आग लगी और रसायन में विस्फोट होने से निकले अंगारे सडक़ पर चल रहे वाहनों पर गिरने लगे। लोनावाला थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सडक़ पर चल रहे चार वाहन चालक इस घटना में घायल हो गये और तीन की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतकों में एक व्यक्ति टैंकर में सवार था। वहीं टैंकर में सवार दो लोग घायल हो गये। अफसरों ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और आग पर काबू पा लिया गया है।

### सड़क हादसों में दिव्यांग समेत दो की मौत, चालक व क्लीनर गंभीर रूप से घायल

**बांदा (आरएनएस)।** घर के बाहर सो रहे युवक की टमाटर से भरे तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने कुचल कर मौत हो गई। हादसे के बाद मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई। मैजिक चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य दुर्घटना में ट्राइसाइकिल से घर लौट रहे दिव्यांग की टेंपों की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के शंकर पुरवा निवासी बाबूलाल (40) पुत्र रामगोपाल घर के बाहर परचून की दुकान खोले था। वह घर के बाहर सो रहा था। तभी कानपुर से टमाटर लादकर सतना की तरफ जा रहे मैजिक वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद मैजिक वाहन भी अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक और खलासी भी मामूली रूप से चोटहिल हो गया। बाबूलाल को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी ले जाया गया, वहां डाक्टरों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना में गिरवां थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव निवासी मंगल सिंह (40) पुत्र रामबहोरी दिव्यांग था। ट्राईसाइकिल से सामान लेकर घर लौट रहा था। तभी सामने से आ रही टेंपो ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद टेंपो समेत चालक मौके से फरार हो गया। घायल मंगल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

## कोविड के दौरान जान गंवाने वाले दो डॉक्टरों के परिवारों को आप ने दिए एक-एक करोड़ के चेक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में कोविड महामारी के दौरान सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो डॉक्टरों के परिवारों को आम आदमी पार्टी सरकार ने एक-एक करोड़ रुपये का चेक दिया है। आप ने बताया कि दो डॉक्टर रमेश कुमार और डॉ संजय कुमार के परिवारों को एक करोड़ रुपये के चेक सौंपे गए। दिल्ली सरकार के मंत्री राज कुमार आनंद ने दोनों डॉक्टरों के परिजनों से मुलाकात की और चेक सौंपा।आनंद ने ट्वीट किया, कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों का इलाज करते हुए जान गंवाने वाले एक कोविड योद्धा और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय कुमार गुप्ता के परिवार को अरविंद केजरीवाल की सरकार ने 1 करोड़ रुपये की श्रद्धांजलि दी। आप ने कहा कि केजरीवाल सरकार अपने कोविड योद्धाओं के परिवारों की देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है।

आप ने ट्वीट किया, डॉ रमेश कुमार ने भी कोविड-19 के दौरान फ्रंटलाइन पर सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। हम उनके परिवार की देखभाल के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद ने डॉ रमेश कुमार के परिवार से मुलाकात की और उन्हें एक करोड़ रुपये का चेक दिया।

## पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल समेत दिल्ली-एनसीआर में भूकंप में तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 5.4 रही तीव्रता

**जालंधर (आरएनएस)।** मंगलवार दोपहर को जालंधर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोग डरकर घरों से बाहर निकल आए। जालंधर के अलावा दिल्ली एनसीआर में मंगलवार दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसके अलावा हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और चंडीगढ़ में भी झटके महसूस किए गए। अभी तक कहीं से जान-माल के नुकसान की खबर नहीं आई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर के डोडा में रहा। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 बताई जा रही है।

जम्मू कश्मीर के एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि जब ये भूकंप आया तो बच्चे स्कूल में थे और वो झटकों से घबरा गए। दुकानों से लोग बाहर आ गए। ये बहुत डरावना था। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह भी भूकंप के झटके महसूस हुए थे, लेकिन इसबार के झटके ज्यादा ताकतवर थे।

**क्यों आता है भूकंप**

धरती की सतह के नीचे टेक्टोनिक प्लेट्स होती हैं। ये प्लेट्स जब आपस में टकराती हैं तो फ्रिक्शन पैदा होता है। इस फ्रिक्शन से पैदा होने वाली एनर्जी, झटको के रूप में रिलीज होती है। यही भूकंप के झटके होते हैं।




वैज्ञानिकों का कहना है कि हिमालय के क्षेत्र में टेक्टोनिक प्लेट्स के फ्रिक्शन के चलते काफी तनाव बना हुआ है और जब तक ये रिलीज नहीं हो जाता तब तक इस इलाके में बड़े भूकंप की संभावना बनी हुई है। इस गंभीर चेतावनी के मद्देनजर इस इलाके में स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए 80 सिसमिक स्टेशन भी बनाए जा चुके हैं। इन इलाकों में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

## देश भर में लोगों को अब आसानी से राशन मिल रहा : नड्डा



**शिमला (आरएनएस)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के 80 करोड़ भारतीयों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़े कदम उठाए है, 1121 लाख मीट्रिक टन से अधिक मुक्त खाद्यान्न प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत वितरित किया गया है और 'एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' से देश भर में लोगों को आसानी से राशन मिल रहा है।

श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल की है, इसके अंतर्गत 48.27 करोड से अधिक जनधन खाते देश में खोले गए है और देश भर में लाभार्थियों के बैंक खातों में 25 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर किया गया है। इस प्रक्रिया से 2.73 लाख करोड़ रुपए की अनुमानित बचत हुई है।

उन्होंने कहा हमारी केंद्र सरकार ने किसान का कल्याण सुनिश्चित किया है, प्रधानमंत्री किसान योजना 2019 में लॉन्च की गई थी किसानों को तीन समान किस्तों में हर वर्ष 6000 रुपये प्राप्त होते हैं, पहली बार पूरे देश में प्रत्यक्ष नकद समर्थन शुरू किया गया। प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत अब तक 11.39 करोड से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि किसान फसल बीमा योजना 2016 में लॉन्च की गई थी फसल क्षति से पीड़ित किसानों को इस योजना का बहुत बड़ा लाभ हुआ है 37.59 करोड किसान का पंजीकरण इस योजना के अंतर्गत हुआ और पिछले 7 वर्षों में 11.68 करोड़ से अधिक आवेदकों को 1.3 लाख करोड रुपए से अधिक के दावे प्राप्त हुई है। पंजीकृत किसानों में से 81 फीसदी छोटे और सीमांत किसान है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज हिमाचल प्रदेश में एक विधानसभा क्षेत्र की टिफिन बैठक में भाग ले रहे हैं। इस प्रकार की बैठके पूरे देश भर में चल रही है और सभी भाजपा के नेता गण ऐसी बैठकों में भाग ले रहे हैं। इस बैठक में केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर विस्तृत चर्चा भी की जा रही है।

इससे पहले श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर विधानसभा झंडूता में एक टिफन बैठक में भाग लिया। उनके साथ इस बैठक में भाजपा डॉ राजीव बिंदल के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, झंडुत्ता विधानसभा क्षेत्र के विधायक जेआर कटवाल, त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, सुरेश चंदेल और भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रणधीर शर्मा विशेष रूप में उपस्थित रहे। इस बैठक में कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने घरों से टिफिन लाकर सामूहिक भोज के साथ प्रधानमंत्री के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में संगठनात्मक चर्चा की गई।